रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

**दिनांक-29.01. 2022**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**देश भर में भारतीय रेलवे के सभी 695 अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को "आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन" (ABDM) के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है।**

**रेलवे अस्पतालों में पहले से लागू "अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS)" को "आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन" (ABDM) के साथ जोड़कर एकीकरण किया गया है ।**

**यह महत्वपूर्ण कार्य रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न केंद्र सरकार के पीएसयू, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के सहयोग से निष्पादित किया गया है।**

**रेलवे एचएमआईएस, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के सभी प्रावधानों का पालन करने और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ पूर्ण रुप से एकीकृत होने वाला प्रथम सॉल्यूशन बन गया है।**

**इस कदम से न केवल लगभग 80 लाख रेलवे कर्मचारियों और रेलवे पेंशनभोगियों और उनके परिवार के सदस्यों को यह सुविधा मिलेगी, बल्कि आम जनता को देश के विभिन्न रेलवे अस्पतालों में इन हेल्थ केयर सुविधाओं को निर्बाध डिजिटल ढ़ंग से प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।**

***

माननीय प्रधान मंत्री की अग्रणी परियोजनाओं में से एक, **"आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन" (ABDM)** के कार्यान्वयन को पूरा करने के लिए, देश भर में भारतीय रेलवे के सभी 695 अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को "आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन" (ABDM) के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है। इस कदम से न केवल लगभग 80 लाख रेलवे कर्मचारियों और रेलवे पेंशनभोगियों और उनके परिवार के सदस्यों को यह सुविधा मिलेगी, बल्कि आम जनता को देश के विभिन्न रेलवे अस्पतालों में इन हेल्थ केयर सुविधाओं को निर्बाध डिजिटल ढ़ंग से प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। यदि रेलवे के रोगी देश में कहीं भी विशेष उपचार के लिए रेलवे स्वास्थ्य प्रणाली से बाहर एबीडीएम के साथ एकीकृत किसी अन्य अस्पतालों में जा रहे हैं, तो इस एकीकृत प्रणाली की मदद से, डिजिटल रूप से मेडिकल रिकॉर्ड का आदान-प्रदान हो जाना, लाभार्थियों या रोगियों के लिए शीघ्रता एवं निर्बाध रूप से सभी कार्यों को आसान बनाते हुए द्रुत गति वाली, परेशानी रहित और कुशल सुविधा होगी।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ रेलवे हेल्थ सिस्टम के एकीकरण का महत्वपूर्ण कार्य रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न केंद्र सरकार के पीएसयू, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निष्पादित किया गया है। यह कार्य **"आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन"** को क्रियान्वयन ने के लिए उत्तरदायी शीर्ष निकाय राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के सहयोग से पूरा किया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य देश में एकीकृत डिजिटल हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की सहायता के लिए आवश्यक आधार का विकास करना है। यह डिजिटल

राजमार्गों के माध्यम से हेल्थकेयर इकोसिस्टम के विभिन्न हितधारकों के बीच मौजूदा अंतर को समाप्त करने का कार्य करेगा।
इससे पूर्व, एक मेगा अभियान में, रेलटेल ने देश भर में भारतीय रेलों के सभी 695 अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाइयों में "अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS)" नामक एक वेब-आधारित, मल्टी-मॉड्यूल,विशेषताओं से परिपूर्ण, परिष्कृत, सॉफ्टवेयर सिस्टम क्रियान्वित किया था। इसने रेलवे स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी, कुशल, उत्तरदायी एवं रोगी फ्रेन्डली बना दिया है। रेलवे के इस एचएमआईएस सिस्टम को भी तब एबीडीएम सिस्टम के साथ पूरी तरह से कंप्लिएंट बनाया गया था। अगले कदम के रूप में, रेलटेल और एनएचए ने अब रोगियों और स्वास्थ्य प्रशासन के लाभ के लिए इन दोनों प्रणालियों को सफलतापूर्वक एकीकृत किया है।
रेलवे एचएमआईएस प्रणाली के अंतर्गत, ओपीडी पंजीकरण, डॉक्टर के नुस्खे, लैब रिपोर्ट, स्व-पंजीकरण आदि से संबंधित रोगियों को आसान जानकारी सुनिश्चित करने के लिए एक मोबाइल ऐप, " एचएमआईएस रोगी मोबाइल ऐप" भी बनाया गया है। इसके साथ, रोगियों को अपनी आवश्कतानुसार अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक एक्सेस प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है।

रेलटेल ने रेलवे उपयोगकर्ताओं से सभी स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री (HFR) और हेल्थकेयर प्रोफेशनल आईडी (HPR-IDs) का विवरण एकत्र किया और सुविधा प्रबंधकों के साथ सुविधाओं के बैकएंड असाइनमेंट के लिए एनएचए टीम के साथ समन्वय किया। एबीडीएम और रेलवे एचएमआईएस के एकीकरण के अंतर्गत, एबीडीएम के सभी चार घटकों अर्थात् लाभार्थी की एबीडीएम हेल्थ आईडी (आभा: आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता), हेल्थकेयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री (HPR), स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री (HFR) और व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स (PHR)का क्रियान्वयन किया गया है।

रेलवे एचएमआईएस, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के सभी प्रावधानों का पालन करने वाला तथा उससे एकीकृत होने वाला प्रथम सॉल्यूशन बन गया है।

रेलवे एचएमआईएस मोबाइल ऐप रेलवे चिकित्सा लाभार्थियों को एबीडीएम स्वास्थ्य आईडी जनरेट करने की सुविधा उपलब्ध कराता है। रेलवे एचएमआईएस उपयोगकर्ता को एबीडीएम इकोसिस्टम का लाभ उठाने के लिए " एबीडीएम पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड मोबाइल ऐप" नामक एक अन्य ऐप भी डाउनलोड करना होगा।

रेलवे एचएमआईएस सॉल्यूशन में पहले से ही लाभार्थियों के मेडिकल रिकॉर्ड्स को आभा हेल्थ आईडी से लिंक करने की सुविधा है। लिंक किए गए रिकॉर्ड को एबीडीएम पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड मोबाइल ऐप में देखा जा सकता है और आवश्यकता के अनुसार विभिन्न अस्पतालों के साथ साझा भी किया जा सकता है। हालांकि, व्यक्तिगत रिकॉर्ड को केवल संबंधित रोगी की सहमति से साझा किया जा सकता है।

रेलटेल ने दोनों प्रणालियों के सुचारू एकीकरण को सुनिश्चित करने के लिए पिछले एक महीने में रेलवे के उपयोगकर्ताओं को एबीडीएम के बारे में व्यापक प्रदर्शन और प्रशिक्षण दिया है।

इस बारे में बात करते हुए श्री पुनीत चावला/सीएमडी/रेलटेल ने कहा: "रेलटेल देश में हो रही डिजिटल ट्राँसफार्मेशन गतिविधियों और भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए

प्रतिबद्ध है। कंपनी ने हाल ही में देश भर के सभी 695 रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में "अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS)" के क्रियान्वयन के कार्य को पूरा किया है जो रेलवे की स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गेम चेंजर साबित हुआ है। अब, रेलवे एचएमआईएस का एबीडीएम के साथ एकीकरण, लाभार्थियों को एबीडीएम इको सिस्टम के लाभों को निर्बाध डिजिटल तरीके से प्राप्त करने में मदद करेगा। एबीडीएम के साथ अस्पतालों का यह एकीकरण उत्तरोत्तर देश के प्रत्येक नागरिक तक अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगा और उन्हें सर्वोत्तम डिजिटल हेल्थ केयर मुहैया कराएगा।

## रेलटेल के बारे में

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों और शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। 60000 मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क के साथ-साथ, रेलटेल के पास दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल भारतीय रेलों के साथ मिलकर देश भर के स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भी कार्य कर रही है। ।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-**

sucharita@railtelindia.com